Publication: Dabang Dunia
Date: 31/08/2013
Edition: Indore
Page No: 12
Headline: 1244 students participated in TCS IT Wiz

टीसीएस आईटी क्विज में 1244 विद्यार्थियों ने की दिमागी कसरत

दिलचस्प मुकाबले में हर सवाल का था सटीक जवाब

इंदौर। कठिनतम प्रश्न का भी सटीक जवाब देते स्कूली स्टूडेंट्स को देख लग रहा था मानों उन्हें पता हो कि यही प्रश्न पूछे जाएंगे। मौका था यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में शुक्रवार को टीसीएस आईटी क्विज का, जिसमें 1244 स्टूडेंट्स और 622 टीमों में कड़ा और दिलचस्प मुकाबला हुआ। क्विज मास्टर गिरि बालसुब्रह्मण्यम ने सवाल पूछने के अपने विशेष अंदाज से माहौल को रोचक बना दिया।

विजेता पुरस्कृत : फाइनल में सागर पब्लिक स्कूल, भोपाल के मयुख नायर और शुभम राव विनर रहे। द न्यू ग्रीनफील्ड पब्लिक एकेडमी के प्रत्यूष समल और सिद्धार्थ जिंदल फर्स्ट रनरअप रहे। विजेताओं को आईपैड व रनरअप को गैलेक्सी टैबलेट दिया गया। विजेता जोड़ी स्मार्ट टेक विजाड्र्स-2013 का खिताब जीतने के लिए मेगा फाइनल्स में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता के दौरान ट्विटर कांटेस्ट भी हुई।